एम.एच.डी.-2

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

एम.एच.डी.-2 : आधुनिक हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोटः प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजियेः 3×12=36

(क) उन्नति तथा अवनति प्रकृति का नियम एक अखण्ड है,
चढ़ता प्रथम जो व्योम में गिरता वही मार्तण्ड है।
अतएव अवनति ही हमारी कह रही उन्नति-कला,
उत्थान ही जिसका नहीं उसका पतन हो क्या भला?

(ख) आयी याद बिछुड़न से मिलन की वह मधुर बात,
आयी याद चांदनी की धुली हुई आधी रात,
आयी याद कान्ता की कम्पित कमनीय गात
फिर क्या? पवन
उपवन-सर-सरित गहन-गिरि-कानन
कुञ्ज-लता-पुञ्जों को पार कर
पहुंचा जहाँ उसने की केलि
कली-खिली-साथ।

(ग) खेतों में फैला है श्यामल
धूल भरा मैला सा आंचल
गंगा-यमुना में आँसू जल
मिट्टी की प्रतिमा
उदासिनी!
दैन्य जड़ित अपलक नत चितवन,
अधरों में चिर नीरव रोदन,
युग-युग के तम से विषण्ण मन,
वह अपने घर में प्रवासिनी!

(घ) अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे
उठाने ही होंगे।
तोड़ने होंगे ही मठ और गढ़ सब।
पहुँचाना होगा दुर्गम पहाड़ों के उस पार
तब कहीं देखने मिलेंगी हमको
नीली झील की लहरीली थाहें
जिसमें कि प्रतिपल काँपता रहता
अरुण कमल एक,

(ङ) भूख कौन उपजाता है:

वह इरादा जो तरह देता है

या वह घृणा जो आँखों पर पट्टी बाँधकर

हमें घास की सट्टी मे छोड़ आती है?

उस चालाक आदमी ने मेरी बात का उत्तर नहीं दिया।

उसने गलियों और सड़कों और घरों में

बाढ़ की तरह फैले हुए बच्चों की ओर इशारा किया और हँसने लगा।

2. भारतेन्दु के काव्य में अन्तर्निहित नवजागरण की चेतना पर विचार कीजिये। 16

3. मैथिलीशरण गुप्त की काव्य भाषा पर प्रकाश डालिये। 16

4. छायावाद के आधार स्तम्भ के रूप में जयशंकर प्रसाद की कविता का मूल्यांकन कीजिये। 16

5. 'राम की शक्तिपूजा' कविता का महत्त्व स्पष्ट कीजिये। 16

6. 'दिनकर का काव्य मूलतः राष्ट्रीय चेतना का काव्य है' इस कथन पर विचार कीजिये। 16

7. महादेवी वर्मा की प्रतीक योजना को स्पष्ट कीजिये। 16

8. शमशेर के काव्य की विचारभूमि क्या है? स्पष्ट कीजिये।

16

9. रघुवीर सहाय की कविता का मूल स्वर क्या है? स्पष्ट कीजिये।

16

—x—